## संपादकीय

# कट्टरपंथ पर चोट

शंघाई सहयोग संगठन के 21वें शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान के हालात के प्रसंगवश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेताया कि कट्टरपंथ क्षेत्रीय शांति के लिये बड़ा खतरा उत्पन्न कर रहा है, जिसके लिये एससीओ देशों को मिलकर प्रयास करने चाहिए। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित सम्मेलन में पाक प्रधानमंत्री की उपस्थिति में मोदी ने चेताया कि कट्टरपंथ के चलते युवाओं को तकनीकी विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है और क्षेत्र के आर्थिक संसाधनों का दोहन नहीं हो पा रहा है। दरअसल, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान की अध्यक्षता में हाइब्रिड प्रारूप के शिखर सम्मेलन में रूस, चीन व पाक समेत आठ देश भाग ले रहे हैं। हाइब्रिड इस मायने में कि आयोजन का कुछ हिस्सा डिजिटल आधार पर तथा शेष हिस्सा आमंत्रित सदस्यों की उपस्थिति के रूप में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली सम्मेलन को सम्बोधित किया, वहीं विदेश मंत्री जयशंकर सम्मेलन में भाग लेने दुशांबे में मौजूद हैं जहां उन्होंने सीमा अतिक्रमण के मुद्दे पर चीनी समकक्ष से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सामान्य रिश्तों का रास्ता सीमा पर शांति से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान की चुनौती को मिलकर निपटने की बात करते हुए कहा कि मध्य एशिया में इस्लाम से जुड़ी शांति, सहिष्णु और समावेशी संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने इस सम्मेलन के जरिये दुनिया को इस्लामिक कट्टरपंथ की चुनौतियों के प्रति आगाह किया। मोदी ने माना कि अफगानिस्तान में कट्टरपंथियों की सत्ता आने से क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा पैदा हो गया है। प्रतीकों के जरिये प्रधानमंत्री ने पाक को चेताया कि देर-सवेर कट्टरपंथ उसके लिये खतरा बन सकता है। लोकतांत्रिक सरकार के दौरान जो आतंकी संगठन नियंत्रण में थे, अब तालिबान के सत्ता में आने के बाद वे स्वच्छंद व्यवहार करने लगे हैं। उन्होंने चेताया कि यह पूरा क्षेत्र कट्टरपंथी ताकतों के लिये सुरक्षित ठिकाना बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ी चिंता यह है कि अफगानिस्तान में कट्टरपंथियों की वापसी के बाद अन्य इस्लामिक देशों में भी सख्त शरिया कानून लागू करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पाकिस्तान में भी वहाबी इस्लाम का खतरा बढ़ सकता है। यही वजह है कि मोदी ने कहा कि मध्य एशिया के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो यह उदार व प्रगतिशील मूल्यों का गढ़ रहा है। यहां सूफीवाद की उदारवादी परंपराएं सदियों तक पनपी व पूरे विश्व में इनका विस्तार हुआ, जिसकी झलक आज भी इन देशों की सांस्कृतिक विरासत में देखने को मिलती है। भारत समेत एससीओ के इन देशों में इस्लाम से जुड़ी उदारवादी, सहिष्णु और समावेशी संस्थाएं व परंपराएं मौजूद हैं। इन हालात में एससीओ को कट्टरपंथ और आतंकवाद से लड़ने का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। उन्होंने कट्टरपंथ से मुकाबले के लिये क्षेत्रीय सुरक्षा व परस्पर विश्वास की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिसे उन्होंने नयी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिये अनिवार्य शर्त भी माना। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित देशों से मुकाबले के लिये इस क्षेत्र को नयी टेक्नोलॉजी में भागीदारी निभानी होगी। इसके लिये जरूरी है कि हम विज्ञान व तर्कवादी सोच को प्रश्रय दें। दरअसल, कट्टरपंथ के चलते हम इस क्षेत्र में विस्तृत आर्थिक संभावनाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिये सदस्य देशों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत है। अतीत में मध्य एशिया के देशों के बीच क्षेत्रीय बाजारों में कनेक्टिविटी पुल की बड़ी भूमिका रही है। इस क्षेत्र में समृद्धि की बयार फिर से संभव है। भारत इस दिशा में संबंध बढ़ाने के लिये उत्सुक है। इस बाबत उन्होंने ईरान के चाबहार पोर्ट में भारतीय निवेश का उदाहरण दिया और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ कोरिडोर की वास्तविकता बतायी। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी एकतरफा नहीं हो सकती और इसके लिये भरोसे, भागीदारी व पारदर्शिता की जरूरत है। साथ ही क्षेत्र के देशों की संप्रभुता का भी सम्मान किया जाना चाहिए।

# आरसीबी की कप्तानी छोड़ेंगे विराट कोहली, आईपीएल के बीच में किया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** दुनिया के बेस्ट बल्लेबाजों में शामिल विराट कोहली ने एक सप्ताह के अंदर दो टीमों की कप्तानी छोड़ने का फैसला ले लिया है। पिछले सप्ताह विराट ने ऐलान किया था कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद वह भारतीय टी20 टीम की कप्तानी छोड़ेंगे और उन्होंने आईपीएल 2021 के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। आरसीबी ने विराट कोहली का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कप्तान के तौर पर 2021 आईपीएल उनका आखिरी सीजन होगा। उन्होंने कहा, मुझमें भरोसा करने और साथ देने के लिए मैं आरसीबी के सभी समर्थकों का शुक्रिया कहता हूं। मुझे एक जरूरी ऐलान करना है। आज शाम को मैंने टीम के साथ बात की और उन्हें बताया कि यह मेरा आरसीबी कप्तान के रूप में आखिरी आईपीएल होगा। विराट कोहली 9 साल से आरसीबी के कप्तान हैं। उन्होंने 2013 में यह जिम्मा संभाला था. हालांकि इससे पहले भी उन्होंने आरसीबी की कप्तानी की थी लेकिन तब वे डेनियल वेटोरी के डेप्युटी हुआ करते थे। भारतीय टीम के सफलतम कप्तानों में से एक विराट कोहली का जलवा आईपीएल में नहीं चला है। बल्ले से तो उन्होंने यहा भी कमाल किया मगर कप्तानी उन्हें कुछ रास नहीं आई। वे टीम का खिताबी सूखा दूर नहीं कर पाए। कोहली उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जो शुरू से अब तक एक ही टीम से आईपीएल खेल रहे हैं।

उन्होंने कहा, आज शाम को ही मैनेजमेंट से बात की। कुछ समय से यह बात मेरे दिमाग में चल रही थी। हाल ही मैंने भारत की टी20 कप्तानी भी छोड़ी है। ऐसा वर्कलोड के चलते किया है क्योंकि पिछले कुछ सालों में यह काफी रहा है। आरसीबी एक बदलाव से गुजरने वाली है क्योंकि अगले साल बड़ा ऑक्शन होने वाला है। मैंने मैनेजमेंट को बताया है कि मैं आरसीबी के अलावा किसी और टीम में होने के बारे में सोच भी नहीं सकता।

कोहली 2008 से आईपीएल खेल रहे हैं और पहले सीजन से आरसीबी के साथ हैं। उन्होंने अभी तक 199 मुकाबले खेले हैं और 37.97 की औसत से 6076 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच शतक और 40 फिफ्टी हैं। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वे 2013 में टीम के पूर्णकालिक कप्तान कप्तान बने थे। उनके नेतृत्व में टीम 2016 में आईपीएल फाइनल तक पहुंची थी मगर उसे सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में अभी तक कोहली की कैबिनेट में आईपीएल ट्रॉफी की जगह खाली है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा का परिणाम जारी, प्रीति नंदन और अर्जुन मेहरा टॉपर



**नई दिल्ली ।** इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के आज जारी परिणाम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंटरमीडिएट (आईपीसी) परीक्षा में मुंबई की प्रीति नंदन कामत एवं इंटरमीडिएट (न्यू) परीक्षा में दिल्ली के अर्जुन मेहरा टॉपर घोषित किये गये हैं।


आईसीएआई ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंटरमीडिएट और इंटरमीडिएट (न्यू) परीक्षा इस वर्ष जुलाई में आयोजित की गई थी। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 53950 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें से मुंबई की प्रीति नंदन कामत ने टॉप रैंक हासिल की है।

इसी तरह इंटरमीडिएट (न्यू) परीक्षा में 107215 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें दिल्ली के अर्जुन मेहरा ने 84.25 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम रैंक, दिल्ली के ही महीन नैम ने 79.38 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरी रैंक हासिल की है। साथ ही बेंगलुरु के सुदीप्त बेन्या ने 78 प्रतिशत अंक लेकर तीसरी रैंक प्राप्त की है।

## आधार कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया हुई सरल

**नई दिल्ली।** आज के समय में आधार कार्ड एक जरूरी डॉक्यूमेंट बन गया है। अगर आधार कार्ड आपके पास नहीं है तो बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपका आधार कार्ड खो जाए तो आपके लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे बिना मोबाइल नंबर के रजिस्ट्रेशन आप आधार डाउनलोड कर सकते हैं। एसएमएस के माध्यम से एक सर्विस रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा। आधार पत्र भेजे जाने तक आपको अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक करने के लिए बस इस नंबर का उपयोग करने की आवश्यकता है।

## फेसबुक इंडिया के लोक-नीति निदेशक बनाए गए राजीव अग्रवाल



**नई दिल्ली।** सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक इंडिया ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी राजीव अग्रवाल को लोक-नीति निदेशक बनाया है। फेसबुक इंडिया ने भारत में कंपनी की लोक नीति में यूजर की सुरक्षा, डेटा संरक्षण और गोपनीयता, समावेश और इंटरनेट एडमिनिस्ट्रेशन शामिल है। अग्रवाल अपनी इस नयी भूमिका में फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन को रिपोर्ट करेंगे और भारत में कंपनी को नेतृत्व करने वाली टीम का हिस्सा होंगे। मोहन ने श्री अग्रवाल की नियुक्ति पर कहा, हम महसूस करते हैं कि हम भारत के ताने-बाने से काफी प्रभावित हैं और हमारे पास एक अधिक समावेशी और सुरक्षित इंटरनेट बनाने में सहयोग करने का अवसर है, जो देश में सभी को लाभान्वित करेगा। मुझे खुशी है कि लोक नीति टीम का नेतृत्व करने के लिए अग्रवाल हमारे साथ जुड़ रहे हैं। अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ अग्रवाल पारदर्शिता, जवाबदेही, सशक्त और सुरक्षित समुदायों के निर्माण के हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल को एक आईएएस के रूप में काम करने का 26 वर्षों का अनुभव है। वह पूर्व में उत्तर प्रदेश के नौ जिलों के जिलाधिकारी के पद पर रह चुके हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने उद्योग और व्यापार संवर्धन विभाग (वाणिज्य मंत्रालय) में संयुक्त सचिव के रूप में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) पर भारत की पहली राष्ट्रीय नीति का संचालन किया है।

## भारतीय महिला टीम को लगा तगड़ा झटका, हरमनप्रीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले ओडीआई से हुई बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सीनियर खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट मैच से बाहर हो गई हैं। हरमनप्रीत को अंगूठे में चोट लगी है और इसलिए वह पहले वनडे मुकाबले में नहीं खेल पाएंगी। 32 वर्ष की इस हरफनमौला खिलाड़ी को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले चोट लगी थी। भारत को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज की शुरुआत 21 सितंबर से होगी, जब दोनों टीमें पहले वनडे में एक दूसरे से भिड़ेंगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच रमेश पवार ने कहा, उन्हें फिट घोषित किया गया था लेकिन कुछ दिन पहले उसके अंगूठे में चोट लगी। वह पहला मैच नहीं खेल सकेंगी। अगले वनडे के लिए हम उसकी फिटनेस की समीक्षा करके फैसला लेंगे। वहीं शिखा पांडे फिट है और चयन के लिए उपलब्ध हैं। इस प्रारुप में भारत की उपकप्तान हरमनप्रीत चोट के कारण पिछले महीने द हंड्रेड से लौट आई थी। वह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद कोरोना संक्रमण का शिकार भी हो गई थी। उन्हें सीरीज में ग्रोइन की चोट भी लगी थी।

## ओटीटी पर रिलीज होगी राजकुमार राव-कृति सेनन की फिल्म हम दो-हमारे दो



बरेली की बर्फी के बाद राजकुमार राव और कृति सेनन अपनी फिल्म 'हम दो हमारे दो' एक बार फिर स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे. फिल्म अब पूरी तरह से तैयार है और इसकी रिलीज को लेकर फिल्म के मेकर दिनेश विजन ने किया है बड़ा खुलासा

फिल्म के मेकर दिनेश विजान अपनी अपकमिंग फिल्म 'हम दो हमारे दो' को सिनेमाघर में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफार्म डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज करेंगे. बताया जा रहा इसका कारण है थियेटर्स में कोविड की वजह दर्शकों का अभी भी कम आना.इसलिए मेकर्स चाहते है ओटीटी पर फिल्म को सही कीमत में बेच कर उस पर ही रिलीज किया जाएगा.

वैसे दिनेश विजान ही वो पहले प्रड्यूसर हैं जिन्होंने कोविड 19 के फर्स्ट फेज के बाद अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म रूही को ओटीटी पर रिलीज किया था, जबकि इस फ़िल्म को सिनेमाघर में रिलीज किया जाना था और फिल्म को कोई खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था.

ये फिल्म एक ऐसे शादीशुदा जोड़े की कहानी है जो अपने लिए मां बाप को गोद लेना चाहते हैं. ये एक कॉमेडी फिल्म होगी लेकिन ये अनोखा आईडिया फिल्म को खास बना रहा है. फिल्म में रत्ना पाठक शाह और परेश रावल अहम भूमिका निभाते दिखेंगे. फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं अभिषेक जैन और इसे प्रोड्यूस करेंगे दिनेश विजान.

कृति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली रिलीज फिल्म मिमी है. इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया था. मिमी में कृति सेनन सरोगेट मां बनी थीं. फिल्म में कृति के साथ पंकज त्रिपाठी लीड रोल में थे. इस फिल्म की सफलता के बाद एक इंटरव्यू में कृति ने कहा था मैं अब खुद को बाहरी नहीं कहती. मैं इस उद्योग का हिस्सा हूं.

## आज का राशिफल

मेषः आज आपका मित्र समूह के साथ आनंद-प्रमोद करने का दिन है। मित्रों से भेंट उपहार मिलेंगे तथा आपका भी मित्रों के पीछे खर्च होगा। ।

वृषः आज का दिन नौकरी करने वालों के लिए शुभ है। नए कार्य का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। उच्चाधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर रहेगी।

मिथुनः किसी भी नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है। शरीर में थकान और आलस्य रहने से कार्य करने में उत्साह नहीं होगा।

कर्क: प्रत्येक विषय में आज सावधानीपूर्वक व्यवहार करना पड़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद न करिएगा।

सिंहः वैवाहिक जीवन में आपस में तकरार होने से पति-प ी के बीच में तनाव होगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। अपने भागीदार तथा व्यापारियों के साथ धीरज से काम लेना।

कन्याः आज के दिन आप स्फूर्ति तथा स्वस्थता का अनुभव करेंगे। घर में भी तथा नौकरी के स्थल में भी वातावरण आनंददायी रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

तुलाः आप का दिन मध्यम फलदायी होगा। संतानों की चिंता आपको सताएगी। विद्या अभ्यास में बाधाएं आएंगी। वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहिएगा।

वृश्चिकः आज शांत चित्त से दिन बिताएं। चिंतातुर मन तथा अस्वस्थ शरीर आपको व्यग्र रखेगा। सम्बंधियो के साथ मनमुटाव हो सकता है।


धनुः नए कार्य के प्रारंभ के लिए आज का दिन शुभ है। भाई-बंधुओ से मेल-जोल में वृद्धि होगी तथा परिजनों के साथ प्रवास का आयोजन हो सकता है।

मकरः आज के दिन परिजनों के साथ कलह के प्रसंग न हो इसका ध्यान रखें। वाणी पर संयम आपको कठिनाई में से बाहर निकालेगी।

कुंभः आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिकरुप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव हो सकता है।

मीनः लोभ या लालच में न फंसे। आर्थिक विषय में बहुत सावधानी बरतिएगा। पूंजी-निवेश अथवा सही, मुहर करने से पहले ध्यान रखिएगा।

## अब 'भावई' नाम से रिलीज होगी प्रतीक गांधी की अपकमिंग फिल्म 'रावण लीला'



वेबसीरीज 'स्कैम 1992' से डिजिटल दुनिया के स्टार बने गुजराती अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रावण लीला' को लेकर चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अब इस फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। दरअसल, कुछ दिनों से इस फिल्म के टाइटल को लेकर काफी विवाद हो रहा था, जिसके कारण मेकर्स ने अब फिल्म के टाइटल को लेकर एक फैसला लिया है।

मेकर्स ने अब इस फिल्म का टाइटल रावण लीला से बदलकर भावई कर दिया है, जिससे किसी की भावना को कोई आहत न पहुंचे। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। प्रतीक गांधी इस फिल्म से बतौर मुख्य अभिनेता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं। लवयात्री और मित्रों जैसी फिल्मों में नजर आ चुके प्रतीक गांधी अपकमिंग फिल्म 'भावई' में बतौर अभिनेता लीड रोल में होंगे। वहीं इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ अभिनेत्री एंद्रिता रे, अंकुर भाटिया, अभिमन्यु सिंह, राजेश शर्मा, अंकुर विकल, राजेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, फ्लोरा सैनी, अनिल रस्तोगी, कृष्णा बिष्ट जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे।

## बॉलीवुड के एक नए प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं अभिनेता करणवीर शर्मा



करणवीर शर्मा ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, इंडस्ट्री में अभी भी वह खुद को स्थापित करने में लगे हैं। टीवी जगत में भी उन्होंने अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। स्टार प्लस पर आने वाले शो शौर्य और अनोखी की कहानी से इस अभिनेता ने घर-घर में अपनी पहचान बनाई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि बहुत जल्द वह बॉलीवुड के एक नए प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड के आगामी प्रोजेक्ट में करणवीर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले हैं। करणवीर ने खुलासा किया है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले ही एक प्रसिद्ध निर्माता से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग लंबे समय तक चली और वह इस मीटिंग से खुश हैं। करणवीर के इस खुलासे के बाद फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है।

## घर पर बनाएं सोया मंचूरियन



**सामग्री :**

सोया चंक्स- 2 कप, पानी- 4 कप, मैदा- 1/4 कप, अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 टीस्पून, कॉर्न फ्लोर- 2 टेबलस्पून, काला नमक- स्वादानुसार, रिफाइंड तेल- 1.5 कप

**मंचूरियन ग्रेवी के लिए-** रिफाइंड तेल- 4 टेबलस्पून, कटे हुए लहसुन- 2 टेबलस्पून, बारीक कटा अदरक- 1 टेबलस्पून, छोटे प्याज- 1/2 कप, हरी मिर्च- 1 टेबलस्पून, कटी हुई शिमला मिर्च- 1/2 कप, व्हाइट विनेगर- 1 टेबलस्पून, सोया सॉस- 1 टेबलस्पून, चिली सॉस- 2 टेबलस्पून, टमेटो केचअप- 2 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार, पानी- 1 कप, हरी प्याज कटी हुई- 1 टेबलस्पून

**विधि :**

एक पैन में पानी में नमक डालकर उबलने के लिए रख दें। इसमें सोया चंक्स डालकर सॉफ्ट होने दें फिर उससे पानी निचोड़कर अलग प्लेट में निकालकर रख दें। बहुत बड़े साइज़ के सोया चंक्स हैं तो इनके दो हिस्से कर लें। अब एक बाउल में मैदा, कॉर्न फ्लोर, नमक, मिर्च, अदरक-लहुसुन पेस्ट और सोया चंक्स डालकर अच्छे से मिक्स करें। जिससे सोया पर कोटिंग लग जाए। अब कड़ाही में तेल गर्म करें और इसमें सोया चंक्स को फ्राई करें। मंचूरियन ग्रेवी के लिए पैन में तेल गर्म करें।

इसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च से तड़का लगाएं। ध्यान रहें ये जलना नहीं चाहिए वरना पूरा स्वाद खराब हो जाएगा। इसके बाद इसमें शिमला मिर्च, सोया सॉस, चिली सॉस, टमैटो सॉस और विनेगर डालकर 1-2 मिनट तक पकाएंगे। सब्जियां बहुत ज्यादा नहीं पकनी चाहिए। इसमें एक कप पानी और नमक डालकर और दो मिनट तक पकाएंगे।ग्रेवी जब थोड़ी गाढ़ी हो जाए तब इसमें सोया चंक्स डालकर और 2 मिनट पका लेंगे। बन चुका है आपका सोया मंचूरियन, गॉर्निशिंग से पहले इसमें कटे हुए हरे प्याज डालेंगे। इसे फ्राइड राइस या नूडल्स किसी के भी साथ सर्व कर सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 207

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल**



## सू-दोकू- 207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.206का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |